राजस्थान सरकार

(कायदा – 129)

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2025/78

किस्म मुकदमा	नंबर मुकदमा	तारीख दायर	तारीख फैसला	पेशी दिनांक
1	2	3	4	5
111-128 प्रार्थना-पत्र	57/25	7/3/25 [illegible] 7/4/25		27/3/25 07/4/25

अनवान

श्री सुमित्रा देवी पत्नी सीताराम श्री मांगीलाल पुत्र गोकल

निवासी बिजौलियां खुर्द निवासी पटाराम जी का खेड़ा

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडें

डिक्रीदार मदयून

श्री M.K.D. श्री ....

FORM NO. III
फर्द अहकाम

नियम 26 Crim I

अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम , बिजौलियां, भीलवाड़ा

डागीना बनाम मांगीलाल

किस्म मुकदमा 111-128

प्रकरण संख्या 57 सन 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
07-03-2025	प्रार्थना–पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 27/3/2025 को वास्ते तलबी / जवाब पेश हों। उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां	
27/3/25	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 7/4/25 को वास्ते तामील पेश हो। उपखण्ड अधिकारी	
7/4/25	पत्रावली पेश हुई। विपक्षीगणान तामील प्राप्त। विपक्षीगण को पुकार आवाज लगाई गई, परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। विपक्षीगण के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली में पालनार्थ तहसीलदार बिजौलिया को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा	

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 57/25

तारीख दायर 7/3/25

सुमित्रा देवी पत्नि सीताराम धाकड जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी बिजौलियांखुर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज.)

......................प्रार्थीया

बनाम

1. मांगीलाल पुत्र गोकल जाति भील उम्र वयस्क निवासी सादाराम जी का खेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. घनश्याम पुत्र कजोडलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी मकरेडी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. रमेशचन्द्र पुत्र प्रभुलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी पुरोहितो का खेड़ा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

...............विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 07/4/25

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री मुकेश कुमार धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2076–2079 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियांखुर्द** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम तिखी पटवार हल्का** बिजौलियांखुर्द **तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 59 पर अंकित आराजी संख्या 222/25 रकबा 1.1331 हैक्टेयर कुल किता 1 रकबा 1.1331 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

07/3/25

आज्ञा से

न्यायाधीश
उपखण्ड अधिकारी,बिजौलियाँ
जिला–भीलवाड़ा